त्रैमासिक परीक्षा 2021

कक्षा-10वी

विषय : सामाजिक विज्ञान

समय 2:30 घण्टे

पूर्णांक : 80

निर्देश :

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं जिसमें 32 उपप्रश्न हैं। प्रत्येक उपप्रश्न 1 अंक का है।
3. प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक प्रत्येक में आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।
4. प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। उत्तर लिखने की शब्द सीमा लगभग 30 शब्द है।
5. प्रश्न क्रमांक 16 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। उत्तर लिखने की शब्द सीमां लगभग 75 शब्द है।
6. प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है। उत्तर लिखने की शब्द सीमा लगभग 120 शब्द है।

प्रश्न 1 सही विकल्प चुनिये - (1x6=6)

(i) ज्वारीय ऊर्जा निम्नलिखित में से किस प्रकार का संसाधन है?

(क) पुनः पूर्ति योग्य (ख) अजैव (ग) मानवकृत (घ) अचक्रीय

(ii) निम्नलिखित में से किस प्रांत में सीढ़ीदार (सोपानी) खेती की जाती है?

(क) पंजाब (ख) उत्तर प्रदेश के मैदान

(ग) हरियाणा (घ) उत्तरांचल

(iii) इनमें से किस राज्य में काली मृदा पाई जाती है?

(क) जम्मू और कश्मीर (ख) राजस्थान

(ग) महाराष्ट्र (घ) झारखंड

(iv) सार्वजनिक और निजी क्षेत्र किस आधार पर विभाजित है।

(क) रोजगार की शर्त (ख) उद्यमों का स्वामित्व

(ग) श्रमिकों की संख्या (घ) आय

(v) भारतीय सिंह का प्राकृतिक आवास आरक्षित क्षेत्र है।

(क) गुजरात का गिर क्षेत्र (ख) असम का कांजी रंगा वन क्षेत्र

(ग) पश्चिम बंगाल का सुंदरवन (घ) नीलगिरी वन क्षेत्र

(vi) भारत में शक्तियों का बंटवारा किया गया।

(क) संविधान द्वारा (ख) न्यायालय द्वारा

(ग) शासन द्वारा (घ) उपरोक्त सभी

प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए (1x6=6)

(i) सेवा क्षेत्रक में रोजगार में उत्पादन के समान अनुपात में वृद्धि................।

StudentSuvidha.com
downloaded from

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

(ii) ..................क्षेत्रक के श्रमिक वस्तुओं का उत्पादन नहीं करते हैं।

(iii) शोर नापने की इकाई--------- हैं।

(iv) श्रीलंका में ----------- भाषा बहुसंख्यक है।

(v) नेपोलियन बोनापार्ट---------के युद्ध में पराजित हुआ।

(vi) भारत में साक्षरता का प्रतिशत सबसे अधिक ---------- राज्य में है।

प्रश्न 3 एक वाक्य / शब्द में उत्तर लिखिये - (1x7=7)

(i) 1789 की क्रांति के समय फ्रांस का राजा कौन था।

(ii) चौरी-चौरा हत्याकांड कब हुआ।

(iii) भारत में कौन सी शासन प्रणाली है।

(iv) पर्यावरण में आवांछनीय घटकों का शामिल होना कहलाता हैं।

(v) ऐसे वन जो ऋतु विशेष में पते गिरा देते हैं।

(vi) देश के बांधों को किसने भारत का मंदिर कहा?

(vii) अर्थव्यवस्था को कितने क्षेत्रों में बांटा गया है नाम लिखिए।

प्रश्न. 4 सही जोड़ी बनाइये- (1x7=7)

| सूची (अ) | सूची (ब) |
|---|---|
| 1. समान अधिकारों और अवसरों के मामले में महिला और पुरुष की बराबरी मानने वाले व्यक्ति | A. साम्प्रदायिक |
| 2. धर्म को समुदाय का प्रमुख आधार मानने वाला व्यक्ति | B. नारीवादी |
| 3. जाति को समुदाय का प्रमुख आधार मानने वाला व्यक्ति | C. धर्मनिरपेक्ष |
| 4. व्यक्तियो के बीच धार्मिक मान्यताओं के आधार पर दूसरों के साथ भेदभाव नहीं करने वाला व्यक्ति | D. जातिवादी |
| 5. असिंचित भूमि | E. सहकारी विपणन समिति |
| 6. फसलों का कम मूल्य | F. कम ब्याज पर बैंकों द्वारा साख उपलब्ध कराना। |
| 7. कर्ज भार | G. सरकार द्वारा नहरों का निर्माण |

downloaded from StudentSuvidha.com

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

प्रश्न. 5 सत्य/असत्य की पहचान कीजिये- (1x6=6)

1. लोकतंत्र हमेशा सामाजिक विभाजन के आधार पर समाज का विघटन करता है
2. जी०डी०पी० के मदों में वर्ष 2003 में तृतीयक क्षेत्र की हिस्सेदारी 50 प्रतिशत से 60 प्रतिशत के बीच है।
3. स्वराज पार्टी का गठन लाला लाजपत राय ने किया था।
4. पूर्ण स्वराज की मॉग 1929 में जवाहर लाल नेहरू की अध्यक्षता में कांग्रेस ने लाहौर अधिवेशन में की।
5. कांग्रेस की स्थापना 1885 ई० में महात्मा गांधी ने की थी।
6. बिना किसी पारिश्रमिक (मेहनताना) के किसी के काम करवाना बेगार कहलाता है।

प्र.6- कल्पनादर्श (यूटोपिया) से क्या तात्पर्य है? 2

अथवा

रूढ़िवादी किन पारंपरिक संस्थाओं को बनाए रखने के पक्ष में थे?

प्र.7- बाल्कन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले दो प्रमुख राज्यों के नाम लिखो? 2

अथवा

उदारवाद का अर्थ बताइए।

प्र.8- बहिष्कार का अर्थ स्पष्ट कीजिए। 2

अथवा

भारतीयों ने साइमन कमीशन का विरोध क्यों किया? दो कारण बताइए।

प्र.9- दबाव समूह क्या है? 2

अथवा

निरंकुशवाद को परिभाषित कीजिए।

प्र.10- सतत पोषणीय विकास क्या है? 2

अथवा

भू संरक्षण के उपाय बताइए।

प्र.11- प्रति व्यक्ति आय किसे कहते हैं? 2

अथवा

राष्ट्रीय आय क्या है?

प्र.12- प्रछन्न या गुप्त बेरोजगारी से आप क्या समझते हैं? 2

अथवा

द्वितीयक क्षेत्र एवं तृतीयक क्षेत्र किसे कहते हैं?

प्र.13- जैव विविधता क्या है यह मानव जीवन के लिए महत्वपूर्ण क्यों है? 2

अथवा

जल दुर्लभता क्या है ? इसके प्रमुख कारण क्या है?

प्र.14- असहयोग आंदोलन का अर्थव्यवस्था पर क्या असर पड़ा? 2

अथवा

जलियांवाला बाग हत्याकांड पर अखबार के लिए रिपोर्ट लिखिए।

प्र.15-सामाजिक विभाजन किस तरह से राजनीति को प्रभावित करते हैं? उदाहरण दीजिए। 2

StudentSuvidha.com
downloaded from
Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

अथवा

भारत की संघीय व्यवस्था में बेल्जियम से मिलती-जुलती एक विशेषता और उससे अलग एक विशेषता को बताइए।

प्र.16- गांधी जी ने असहयोग आंदोलन को वापस लेने का फैसला क्यों लिया? 3

अथवा

भारत के लोग रॉलेट एक्ट के विरोध में क्यों थे?

प्र.17- बोलीविया में जन आंदोलन क्यों हुआ था? तीन कारण बताइए। 3

अथवा

जन आंदोलन सरकारी नीतियों को किस प्रकार प्रभावित करते हैं ?कोई तीन बिंदु लिखिए।

प्र.18- बांगर भूमि और खादर भूमि में अंतर स्पष्ट कीजिए। 3

अथवा

भारत में जल के प्रमुख स्त्रोत कौन-कौन से हैं?

प्र.19- धारणीयता का विषय विकास के लिए क्यों महत्वपूर्ण है? 3

अथवा

राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी 2005 अधिनियम के तीन प्रावधान लिखिए।

प्र.20- अपने शासन वाले क्षेत्रों में शासन व्यवस्था को ज्यादा कुशल बनाने के लिए नेपोलियन ने क्या बदलाव किए। 4

अथवा

बाल्कन प्रदेशों में राष्ट्रवादी तनाव क्यों पनपा? समझाइये।

प्र.21- नमक यात्रा की चर्चा करते हुए स्पष्ट करें कि उपनिवेशवाद के खिलाफ प्रतिरोध का एक असरदार प्रतीक था। 4

अथवा

कल्पना कीजिए कि आप सिविल नाफरमानी आंदोलन में हिस्सा लेने वाली महिला हैं। बताइए कि इस अनुभव का आपके जीवन में क्या अर्थ होता।

प्र.22- पर्यावरण में गिरावट के कुछ ऐसे उदाहरणों की सूची बनाइए जो आपने अपने आसपास देखे हैं। 4

अथवा

संगठित और असंगठित क्षेत्रकों कि रोजगार परिस्थितियों की तुलना कीजिए।

प्र.23- तृतीय क्षेत्रक अन्य क्षेत्रकों से कैसे भिन्न है उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए। 4

अथवा

व्याख्या कीजिए कि एक देश के आर्थिक विकास में सार्वजनिक क्षेत्रक कैसे योगदान करता है?

StudentSuvidha.com
downloaded from

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com